कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख), राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ.15(7)2023/कार्मिक–स्ट्रेन्थ/प्रमुवसं–08182
निमित्त,
समस्त वनाधिकारीगण।

विषय :– वर्तमान में प्रशिक्षण अन्तर्गत वन रक्षकों के स्थान पर अन्तरिम कार्य व्यवस्था करने बाबत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के आदेश क्रमांक एफ.15(7)2023/कार्मिक–स्ट्रेन्थ/प्रमुवसं–08182 दिनांक 26.06.2024 द्वारा समस्त वनाधिकारियो को निर्देशित किया गया था कि "कोई भी कार्यालय अपने स्तर पर लोक सेवकों के स्थानान्तरण/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति/कार्य व्यवस्थार्थ आदेश प्रसारित नहीं करें। अत्यन्त आवश्यक/अरिपहार्य परिस्थितयों के मध्यनजर किसी लोक सेवक का स्थानान्तरण/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति/कार्य व्यवस्थार्थ का आदेश प्रसारित करने से पूर्व इस कार्यालय से अनुमति/अनुमोदन लेना सुनिश्चित करें।"

नवनियुक्त वनरक्षकों को प्रशिक्षण हेतु 119 वां वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण (दिनांक 01.09.2024 से 30.12.2024 तक) कार्यक्रम आयोजित किये जाने के फलस्वरूप अधीनस्थ कार्यालयों से अत्यधिक मात्रा में वनरक्षक उक्त आधारभूत प्रशिक्षण हेतु कार्यभार मुक्त किये जाने के कारण वन क्षेत्रों /वन्यजीवों की सुरक्षा, वन विकास कार्य, अन्य विभागीय गतिविधियां आदि प्रभावित होने की संम्भावना हैं।

अतः समस्त वनाधिकारियो को निर्देशित किया जाता है कि अत्यन्त आवश्यक/अरिपहार्य परिस्थितयों के मध्यनजर उक्त प्रशिक्षण हेतु कार्यभार मुक्त वनरक्षको के स्थान पर अन्य वनरक्षक/लोकसेवक का कार्य व्यवस्थार्थ आदेश प्रसारित किया जाना आवश्यक हो तो उप वन संरक्षक द्वारा संबंधित मुख्य वन संरक्षक से लिखित में अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही लोक सेवक को कार्यभार दिया जावे। संबंधित मुख्य वन संरक्षक इस संबंध में आदेश प्रसारित कराकर इस कार्यालय को अवगत करावे। उक्त प्रकार किये गये आदेश दिनांक 30.12.2024 तक ही मान्य होगें एवं दिनांक 01.01.2025 से स्वतः ही निष्प्रभावी हो जावेगें। इस तथ्य का अंकन सम्बंधित मुख्य वन संरक्षक उक्त आदेश में आवश्यक रूप से अंकित करावें।

उक्त निर्देशों की अपरिहार्य रुप से पालना सुनिश्चित की जावे।

भवदीय,

(अरिजीत बनर्जी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (7)2023/कार्मिक–स्ट्रेन्थ/प्रमुवसं–08182/

प्रतिलिपी उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट पर प्रकाशन हेतु।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराजपत्रित)
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर

कार्यालय का पता- कमरा नं. ए-402 अरण्य भवन, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर-302004
फोन नं. 0141-2713810 Email id dcfnz.estt.forest@rajasthan.gov.in
वेब साईट www.forest.rajasthan.gov.in

Document certified by ARIJIT BANERJEE <ariban@gmail.com>.
Digitally Signed by ARIJIT BANERJEE
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date :05-09-2024 07:21:06

RajKaj Ref No.: 10311578